**दिनांक 10.11.2023 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति, हर घर जल ग्राम घोषित किये जाने तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 10.11.2023 को कलेक्ट्रेट हमीरपुर में सम्पन्न हुई, जिसका अनुमोदन जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक-16.11.2023 को किया गया। समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें-

1. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), हमीरपुर।
2. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा।
3. श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता वि0/या0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
4. श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
5. श्री रामा कृष्न शुक्ल, सुपरविजन इंजीनियर, आरवी एसोसिएट्स (पी0एम0सी0), हमीरपुर।
6. श्री अभिषेक कुमार वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0-एस0पी0एम0एल0(जेवी)।
7. श्री एस0हुसैन बाशा, प्रोजेक्ट मैनेजर, एस0पी0एम0एल0-जे0डब्लू0आई0एल0(जेवी)।
8. श्री सूजा अब्बास, इंजीनियर, मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता।
9. श्री अशोक कुमार, डी0पी0एम0 श्री हरि इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स।
10. श्री धीरेन्द्र सिंह, बी0के0 कन्सट्रक्शन।
11. श्री सोनू कुमार, अनिल कुमार शर्मा।
12. श्री आशुतोष कुमार सिंह, जै माँ लक्ष्मी कन्सट्रक्शन।
13. श्री हिमांशू सिंह, अवस्थी कन्सट्रक्शन।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हमीरपुर में जल जीवन
(सतही स्त्रोत), आच्छादित 131 राजस्व ग्राम
मिशन के अन्तर्गत 02 पेयजल योजना-**(1) पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल** योजना निर्माणाधीन हैं।
सम्मिलित हैं एवं 17 राजस्व ग्राम में वाटर डिमांड ली गयी है **(2) हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल** योजना सतही स्त्रोत
हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 02 परियोजनाएं-**(i)** हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना सतही स्त्रोत
**(ii)** हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना, नलकूप आधारित संचालित है, जिसमें कुल 193 ग्राम सम्मिलित है तथा 11 ग्रामों में वाटर डिमांड ली गयी है।

**पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल
(सतही स्त्रोत) योजना में 131 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं 17 राजस्व ग्राम में वाटर डिमांड ली गयी है, जिसमें विकास
खण्ड मौदहा के 82 एवं विकास खण्ड सुमेरपुर के 66 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। उपरोक्त परियोजना
में 01 इन्टेकवेल, 01 डब्लू0टी0पी0, 10 सी0डब्लू0आर0, 46 अपर जलाशय 306.63 किमी0 राइजिंगमेन, 908.886 किमी0
वितरण प्रणाली तथा 47940 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत है-

**इन्टेक वेल:-** फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम पत्यौरा डांडा के पास इन्टेकवेल (45 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जाना है। इन्टेकवेल का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पंप रूम, एप्रोज ब्रिज तथा विद्युत यांत्रिक का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

**डब्लू0टी0पी0:-** फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि डब्लू.टी.पी. (45 एम0एल0डी0) पत्यौरा डांडा का निर्माण कार्य किया जा रहा है, डब्लू.टी.पी. का सिविल कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा बाउन्ड्रीवाल का लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष प्रगति पर है। विद्युत यांत्रिक के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं तथा इन्टरनल डेवलपमेन्ट के कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि डब्लू.टी.पी. कैम्पस के अन्दर जो भी कार्य अवशेष हैं, उन्हे यथाशीघ्र स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण करायें।

**सी0डब्लू0आर0:-** फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 10 नग सी0डब्लू0आर0 के सापेक्ष सभी सी.डब्लू.आर. (पत्यौरा, पचखुरा, मिहुना, कलौलीतीर, भवानी, चाँदीकलां, भैसमरी, छिरका, चन्द्रपुरवा बुजुर्ग तथा मकरांव) का सिविल कार्य पूर्ण कर लिया गया है। योजना में 08 मीटर रूम का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष सभी मीटर रूम का कार्य पूर्ण हो गया है। 10 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 08 नग पम्प हाउस पत्यौरा, पचखुरा, छिरका, भैसमारी, चाँदीकला, मिहुना, भवानी का सिविल तथा विद्युत यांत्रिक कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष 02 नग पम्प हाउस (मकरॉव तथा चन्दपुरवा बुजुर्ग) का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 08 सी0डब्लू0आर0 में पानी पहुँच गया है एवं फंक्शनल है तथा शेष 02 सी0डब्लू0आर0 में 15.11.2023 तक अवशेष पम्प हाउस का कार्य पूर्ण करके फंक्शनल कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय ने कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि निर्धारित मैनपावर लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार अवशेष



Scanned with OKEN Scanner

कार्यो तथा फिनिशिंग कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा पूर्ण किये गये सी0डब्लू0आर0 एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा निर्धारित कलर कोड के अनुसार कलर कराया जाय।

**अवर जलाशय:-** फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 46 नग अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसमें कुल 27 अवर जलाशयों का टॉप डोम कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि माह दिसम्बर, 2023 तक अवशेष अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा है। सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि पूर्ण किये गये अवर जलाशयों में मात्र 05 अवर जलाशय ही क्रियाशील हैं। वर्तमान में मानवश्रम के आभाव में 07 नग अवर जलाशयों अतरारा, जिगनौड़ा, उजनेड़ी, रतौली, मकरॉव, अतरार व भमौरा पर कार्य बन्द है तथा पूर्ण किये गये अवर जलाशयों में 05 नग पर पाइप फिटिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया हैं। अवर जलाशयों पर 19 टीमों के सापेक्ष 14 टीमें लगायी गयी हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया, इस सप्ताह मात्र 02 अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण किया गया है जबकि फर्म द्वारा इस सप्ताह 10 अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया था। फर्म जे.डब्लू.आई.एल. के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस सप्ताह 04 तथा 18 नवम्बर, 2023 तक 05 और अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा तथा 05 टीमें और लगा दी जायेगी।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया कि सभी अवर जलाशयों पर पर्याप्त टीमें लगाकर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें, जिन अवर जलाशयों में पाइप फिटिंग का कार्य शेष है, पाइप फिटिंग का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा निर्धारित कलर कोड के अनुसार अवर जलाशयों को कलर कराया जाय तथा पेयजल की आपूर्ति अवर जलाशयों के माध्यम से कराई जाय। जिलाधिकारी महोदय ने अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा को निर्देशित किया कि जिन अवर जलाशयों की प्रगति धीमी है या जिनपर कार्य बंद है, पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ करायें।

**राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणाली:-** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित राइजिंगमेन 306.63 किमी0 के सापेक्ष 306.36 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य तथा प्रस्तावित वितरण प्रणाली 908.886 किमी0 के सापेक्ष 890.30 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, वर्तमान में लगभग 19 किमी0 पाइप बिछाया जाना शेष है। अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, महोबा द्वारा बताया गया कि 09 टीमों के सापेक्ष केवल 07 टीमें लगायी गयी हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाइपलाइन बिछाये जाने की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि पाइप लेईंग हेतु पर्याप्त टीमें लगाते हुये अवशेष पाइप लाइन बिछाने तथा गैप क्लोजिंग का कार्य माह नवम्बर, 2023 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 जॉच कर लें कि पाइप लेईंग हेतु कितनी टीमें लगायी गयी हैं तथा अवशेष कार्य को इस माह तक पूर्ण करने हेतु कितनी और टीमों की आवश्यकता है, कार्यदायी फर्म द्वारा पर्याप्त टीमें लगाना सुनिश्चित किया जाय।

**FHTC कनेक्शन:-** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 47940 FHTC के सापेक्ष 45912 नग MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे द्वारा अवगत गया कि भ्रमण के दौरान पाया गया कि कुछ ग्रामों मे MDPE का कार्य किया गया है, किन्तु कनेक्शन GI Pipe से जोड़ा नही गया है तथा इसके लिए पर्याप्त टीमें भी नही लगायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर पाइप फिटिंग का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, विगत 05 सप्ताह से गृह नल संयोजन कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है, निर्धारित लक्ष्य को गम्भीरता से लेते हुए पर्याप्त टीमों व मशीनरी को "राउण्ड द क्लाक" 24 घंटे दिन और रात्रिकालीन शिफ्टों में कार्यस्थलों पर लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप तथा कार्ययोजना के अनुसार अवशेष कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण करायें तथा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि नल संयोजन पूर्ण किये गये ग्रामो में सत्यापन करा लें कि कोई मोहल्ला/परिवार छूटा नहीं है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा ऑगनबाड़ी केन्द्रों में नल संयोजन किये जाने की प्रगति पर खेद व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर ऑगनबाड़ी केन्द्रों/शासकीय पाठशालाओं में नल संयोजन कराना सुनिश्चित किया जाय।

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंग:-** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 80 राजस्व ग्रामों में फ्लशिंग व टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है, तथा 30 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कमिशनिंग की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया कि 80 ग्रामों में फ्लशिंग का कार्य पूर्ण होने के उपरांत भी अभी तक केवल 30 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, महोबा द्वारा बताया गया कि पर्याप्त टीमें न होने के कारण सभी ग्रामों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि 18 नवम्बर 2023 तक टीमें लगा दी जायेंगी तथा 30 नवम्बर, 2023 तक 100 ग्रामों में निरंतर रूप से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण हो चुका है, कार्ययोजना



Scanned with OKEN Scanner

बनाकर निरंतर रूप से जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें तथा अवशेष ग्रामों में कमिशनिंग एवं ट्रायल टेस्टिंग की कार्यवाही
पूर्ण की जाये।

**हर घर जल सर्टीफिकेट:-** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 20 राजस्व ग्राम के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त
किये जा चुके हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त
किया गया कि 80 ग्रामों में ट्रायल टेस्टिंग तथा 30 ग्रामों में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है, इसके बावजूद
अभी तक केवल 20 राजस्व ग्रामों का हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन
दिया गया कि 30 नवम्बर, 2023 तक 100 ग्रामों में हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त कर लिये जायेगें। जिलाधिकारी महोदय
द्वारा निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर जिन ग्रामों में फ्लशिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है हर घर जल
सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**रोड रेस्टोरेशन:-** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अभी तक 91 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया है
एवं 40 राजस्व में कार्य शेष है। वर्तमान में कार्यदायी फर्म द्वारा आवश्यक 22 टीमों के सापेक्ष 12 टीमें लगायी गयी हैं।
अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म द्वारा मानवश्रम के अभाव
में उपलब्ध कराये गये कार्ययोजना के अनुसार कार्य नहीं कर रही है, जिससे अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है, 06 टीमें
और लगाये जाने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि जिन राजस्व ग्रामों
में रोड-रेस्टोरेशन का कार्य किया जा रहा है कि प्रतिदिन लैट0 लॉग0 के साथ फोटो उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें
तथा आवश्यक टीमें लगाकर, जिन-जिन राजस्व ग्रामों में रोड-रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, उसे यथाशीघ्र पूर्ण कराना
सुनिश्चित करें।

**<u>हरौलीपुर ग्राम समूह सतही एवं भूजल आधारित पाइप पेयजल योजना</u>**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल
योजना के माध्यम से कुरारा के 28 ग्राम सम्मिलित हैं तथा 11 ग्रामों की वाटर डिमांड ली गयी है तथा हरौलीपुर ग्राम
समूह भूजल पेयजल योजना के माध्यम से विकास खण्ड मुस्करा, सरीला, राठ एवं गोहाण्ड के 166 राजस्व ग्राम
सम्मिलित हैं।

<u>हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना</u>-:

हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजनान्तर्गत 01 इन्टेकवेल (9 MLD), 01 डब्लू0टी0पी0 (8 MLD), 12 नग अवर
जलाशय तथा 05 नग सी0डब्लू0आर0, राइजिंगमेन 84.084 किमी0, वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0 तथा 9636
FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार विवरण निम्नवत है:-

**इन्टेकवेल:-** इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम हरौलीपुर के पास इन्टेकवेल (9 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जा
रहा है। कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि इंटेकवेल का सिविल कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर
लिया गया है।

**डब्लू0टी0पी0:-** कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि डब्लू0टी0पी0 (8MLD) का हरौलीपुर में
निर्माण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है।

**सी0डब्लू0आर0:-** कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित सभी 5 नग सी0डब्लू0आर0
(देवीगंज, रिठारी, पुरई, पचखुरा एवं हरौलीपुर) का सिविल कार्य पूर्ण कर लिया गया है। योजना में कुल 06 मीटररूम का
निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष सभी का कार्य पूर्ण हो चुका है। 05 पम्प हाउस के सापेक्ष सभी का कार्य पूर्ण कर
लिया गया है।

**अवर जलाशय:-** कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि सतही स्त्रोत योजना के तहत 12 अवर
जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष सभी 12 अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी



Scanned with OKEN Scanner

महोदय द्वारा निर्देशित किया कि सभी अवर जलाशयों को निर्धारित कलर कोड के अनुसार कलर कराया जाय तथा पेयजल की आपूर्ति अवर जलाशयों के माध्यम से कराया जाय।

**राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणालीः–** कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित राईजिंगमेन 84 621 किमी0 पाइप बिछाने तथा वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0 बिछाने के लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया कि यदि किसी ग्राम में गैप क्लोजिंग का कार्य अवशेष हो तो पर्याप्त मानवश्रम लगाकर अवशेष कार्य को मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाय तथा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, महोबा/सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0/डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 जॉच कर ले कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य किसी भी ग्राम पंचायत/मोहल्ले में शेष नही है।

**FHTC कनेक्शनः–**प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 9636 FHTC के सापेक्ष 9606 MDPE/गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण किया गया है। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे द्वारा अवगत कराया गया कि भ्रमण के दौरान पाया गया कि कुछ ग्रामों में MDPE का कार्य किया गया है, किन्तु कनेक्शन GI Pipe से जोड़ा नही गया है तथा इसके लिए पर्याप्त टीमें भी नही लगायी गयी है। पी.एन.सी. प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर पाइप फिटिंग का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा यदि कोई मोहल्ला/परिवार नल संयोजन किये जाने से शेष रह गये हो तो स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप अवशेष HTC का कार्य यथाशीघ्र शतप्रतिशत पूर्ण कराये तथा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, महोबा/सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0/डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 जॉच कर ले कि नल संयोजन देने से कोई ग्राम पंचायत/परिवार शेष नही है।

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंग–** सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 28 ग्रामों के सापेक्ष सभी 28 ग्रामों में फ्लशिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 28 राजस्व ग्रामों में निर्बाध रूप से जलापूर्ति की जा रही है।

**हर घर जल सर्टीफिकेटः–**कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम सतही योजना के अन्तर्गत 15 राजस्व ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 28 राजस्व ग्रामों में निरन्तर पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिसके सापेक्ष अभी मात्र 15 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये गये हैं, जो असंतोषजनक है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस 24 नवम्बर, 2023 तक अवशेष सभी 13 ग्रामों का हर घर जल सर्टीफिकेट करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म PNC-SPML(JV) प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि नल संयोजन पूर्ण किये जा चुके सभी ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**रोड़–रेस्टोरेशन** :– सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि अभी तक 18 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया है एवं 10 राजस्व ग्रामों में शेष है, रोड़–रेस्टोरेशन कार्य हेतु 09 टीमें लगायी गयी हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा रेस्टोरेशन की प्रगति पर खेद व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया कि पाइप लाइन तथा नल संयोजन का कार्य लगभग शत–प्रतिशत पूर्ण होने के बावजूद मात्र 18 ग्रामों में रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है जो खेदजनक है, जिससे ग्रामीणों से निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। पर्याप्त टीमें लगाकर उपलब्ध करायी गयी कार्ययोजना के अनुसार सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाय। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, सत्यापन करा लिया जाय।

**<u>हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पाइप पेयजल योजना–</u>**:

हरौलीपुर नलकूप आधारित योजनान्तर्गत 123 नग नलकूप, 118 नग अवर जलाशय, 1 नग सी0डब्लू0आर0 वितरण प्राणाली के लिए पाईप बिछाने का कार्य 977.42 किमी0, 103 नग स्टाफ क्वाटर तथा 53504 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत हैः–

नलकूपः– कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि नलकूप आधारित योजना में प्रस्तावित 125 नग नलकूप के सापेक्ष 121 नलकूपों के बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 04 नलकूप कार्य शेष हैं। 102 कार्यस्थलों पर समर्सिबल इन्स्टालेशन का कार्य किया जा चुका है। योजना में कुल 125 नग पम्प हाउस का निर्माण कार्य



Scanned with OKEN Scanner

किया जाना है, जिसके सापेक्ष 106 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि 15 नवम्बर 2023 तक और टीम लगा दी जायेगी, अवशेष नलकूपों का कार्य दिनांक–30.11. 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पीएनसी को निर्देशित किया कि मैनपावर व मशीनरी लगाकर सभी नलकूपों पर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें तथा विकरित किये गये नलकूपों जिनमें समर्सिबल इंस्टॉलेशन अवशेष है को यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अवर जलाशयः–** कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 118 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 90 अवर जलाशयों पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण, 19 नग पर (जिंग एलम पद्धति) बॉटम स्लैब कास्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अवर जलाशयों पर 21 टीमें लगायी गयी हैं। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि अवर जलाशयों पर 28 टीमों की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में 24 टीमें कार्यरत हैं तथा 08 कार्यस्थल पर मानवश्रम न होने के कारण कार्य बन्द है, जिससे आपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है तथा पूर्ण किये गये अधिकाशतः अवर जलाशय फंक्शनल नहीं है तथा पाइप फिटिंग का कार्य शेष है, जिंक एलम टैंक के इन्स्टालेशन की टीम कम होने के कारण, जिंक टैंक इस्टालेशन का कार्य बहुत धीमी गति से किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया पर्याप्त मानवश्रम सभी अवर जलाशयों पर लगाकर समान्तर रूप से निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें एवं जिन अवर जलाशयों में पाइप फिटिंग का कार्य शेष है, कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं निर्धारित कलर कोड के अनुसार ही अवर जलाशयों को कलर कराया जाय तथा पेयजल की आपूर्ति अवर जलाशयों के माध्यम से की जाय।

**वितरण प्रणाली/राइजिंगमेनः–** कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 975 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 7.30 किमी0 राइजिंगमेन के सापेक्ष 1.21 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 2.07 किमी राइजिंगमेन बिछाने का कार्य अवशेष है, जिसमें राइजिंगमेन बिछाने हेतु आवश्यक 04 टीम के सापेक्ष 02 टीम लगायी गयी है, जिस कारण अवर जलाशयों को फंक्शनल करने में विलम्ब हो रहा है। सुपरविजन इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि एजेंसी द्वारा अभी तक गैप क्लोजिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि 15 नवम्बर तक और टीमें बढ़ा ली जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया कि जिन अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उनके राइजिंगमेन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर फंक्शनल करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ गैप क्लोजिंग का कार्य पर्याप्त टीमें लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाईन एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**FHTC कनेक्शनः–** एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि योजना में 53504 FHTC के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 53302 HTC का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ ग्रामों में MDPE का कार्य किया गया है, किन्तु कनेक्शन GI Pipe से जोड़ा नही गया है तथा इसके लिए पर्याप्त टीमें भी नही लगायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी.एन.सी. प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर पाइप फिटिंग का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप नल संयोजन का कार्य शत–प्रतिशत यथाशीघ्र पूर्ण करायें तथा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी.एम.सी. व डी0टी0एल0 टी0पी0आई को निर्देशित किया गया कि ग्रामों में सत्यापन करा ले कि नल संयोजन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा कोई ग्राम पंचायत/परिवार शेष नही है।

**रोड रेस्टोरेशनः–** कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (नलकूप आधारित) 116 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन किया जा चुका है तथा 49 राजस्व ग्रामों में कार्य अवशेष है, रेस्टोरेशन कार्य में 18 टीमें कार्यरत हैं। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि आवश्यक 22 टीमों के सापेक्ष वर्तमान में 18 टीमें कार्यरत हैं। रोड़ रेस्टोरेशन की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया अभी तक मात्र 110 राजस्व ग्रामों में ही रोड रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है, जो कार्यदायी एजेंसी की कार्य के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है, इससे ग्रामीणो को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है तथा ग्रामवासियों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाकर रेस्टोरेशन का कार्य मानको के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध रूप से कराना सुनिश्चित करें। जिन राजस्व ग्रामों में रोड–रेस्टोरेशन का कार्य किया जा रहा है कि प्रतिदिन लैट0 लॉग0 के



Scanned with OKEN Scanner

साथ फोटो उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये कि ग्राम में सत्यापन कर लिया गया है, पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सडक का पुर्ननिर्माण कार्य पूर्व की भांति गुणवत्तापूर्ण करा दिया गया है तथा ग्राम में कोई भी मोहल्ला/गली रेस्टोरेशन हेतु शेष नहीं है।

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंगः**-कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरीलीपुर ग्राम समूह पेयजल भूजल योजना में 165 ग्रामों के सापेक्ष 144 राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसमें से 118 राजस्व ग्रामों में निरंतर रूप से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा बताया गया कि कमिशनिंग पूर्ण किये गये सभी ग्रामों में निरंतर पेयजल आपूर्ति नहीं की जा रही है, बीच-बीच में सप्लाई बन्द कर दी जाती है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कमिशनिंग कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा विगत सप्ताह 122 ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति करना बताया गया था। निर्देशित किया गया कि हरीलीपुर ग्राम समूह भूजल योजना जिनमें गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, सभी राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य पूर्ण करायें।

**हर घर जल सर्टीफिकेटः**-कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरीलीपुर ग्राम भूजल योजना के अन्तर्गत 55 राजस्व ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 118 राजस्व ग्रामों में निरन्तर पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिसके सापेक्ष अभी मात्र 55 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये गये हैं, जो असंतोषजनक है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि 30 नवम्बर 2023 तक 109 ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म PNC-SPML(JV) प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि नल संयोजन पूर्ण किये जा चुके सभी ग्रामों को हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**अनापत्ति प्रमाण पत्रः**- सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना तथा हरीलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (सतही एवं भूजल) के सभी आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र सम्बन्धित विभागों से प्राप्त किये जा चुके हैं।

## <u>पुर्नगठन पेयजल योजना</u>

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन की पुर्नगठन योजना में 11 पैकेज के कुल 108 ग्राम आच्छादित हैं। पुर्नगठन योजना का अनुबंध अगस्त, 2023 में किया गया है तथा योजना को माह दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण किया जाना है।

**1-मै0 अनिल कुमारः**- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 07 के अन्तर्गत कुल 03 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है, जिसमें पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना से वाटर डिमांड ली गयी है तथा योजना में 04 नलकूप, 01 सी0डब्लू0आर0, 02 अवर जलाशय, 27.19 किमी0 पाइप लाइन तथा 1663 नग नल संयोजन किया जाना है।फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि सी0डब्लू0आर0 तथा अवर जलाशयो का मृदा परीक्षण किया जा चुका है तथा रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त एन0आई0ई0टी0 से ड्राइंग एवं डिजाइन एप्रूव करायी जायेगी। जिसमें 04 नलकूप के सापेक्ष 02 नलकूप का कार्य किया गया है तथा 02 नलकूप का कार्य प्रगति पर है, 27.19 किमी पाइप लाइन के सापेक्ष 10.5 किमी पाइप लाइन बिछायी गयी है, पाइप लाइन बिछाने के लिए 02 टीम लगायी गयी है तथा 450 नल संयोजन कराये गये हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाने तथा गृह नल संयोजन हेतु लगायी गयी टीमों की संख्या कम है। पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**2-मै0 श्री हरि इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा0 लि0:**- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 01, 03, 04, 06 के अन्तर्गत कुल 45 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 07 सी0डब्लू0आर0, 25 अवर जलाशय, 53 नलकूप, पम्प हाउस 53, तथा 307.20 किमी0 पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य किया जाना है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अवर जलाशयो के निर्माण हेतु 18 स्थलों तथा 07 सी0डब्लू0आर0 का मृदा परीक्षण किया गया है, जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त एन0आई0ई0टी0 से ड्राइंग एवं डिजाइन एप्रूव करायी जायेगी। योजना में 307.20 पाइप लाइन बिछायी जानी हैं, जिसके सापेक्ष 139.62 किमी पाइप लाइन बिछायी गयी है तथा पाइप लाइन बिछाने हेतु 12 टीमें लगायी गयी हैं। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 03 ग्रामों में पाइप लाइन बिछाये जाने तथा हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। 05 स्थानों पर बोरिंग का



Scanned with OKEN Scanner

कार्य किया गया है तथा 3521 नल संयोजन का कार्य किया गया है, तथा बोरिंग हेतु 03 रिंग मशीन लगायी गयी है।
सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा अभी तक कम्प्रेशर मशीन नही लगायी गयी है।
फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि अगले सप्ताह तक कम्प्रेशर मशीन लगा दी जायेगी। जिलाधिकारी
महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि नलकूप बोरिंग हेतु 03 और रिंग मशीनें लगाना सुनिश्चित करें तथा
तथा सभी कम्पोनेन्ट पर पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग
डिजाइन एवं मानको के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें, जिन राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन बिछाये जाने तथा
हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया पर्याप्त टीम लगाकर रोड–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करायें।

**3–मै0 बी0के0 कंस्ट्रक्शन एण्ड कम्पनी:**–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि
पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 08, 09 के अन्तर्गत कुल 26 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में
11 अवर जलाशय, 31 नलकूप, 193.66 किमी0 पाइप लाइन तथा 13222 नग नल संयोजन किया जाना है। फर्म के
प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 07 अवर जलाशयो के निर्माण स्थल का मृदा परीक्षण किया जा चुका है, जिसकी रिपोर्ट
प्राप्त होने के उपरान्त एन0आई0ई0टी0 से ड्राइंग एवं डिजाइन एप्रूव करायी जायेगी। 193.66 किमी पाइप लाइन के
सापेक्ष 93.99 किमी पाइप लाइन बिछाने व 3980 नग नल संयोजन का कार्य किया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल
निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक नलकूप तथा पम्प हाउस का कार्य प्रारम्भ नही किया गया है।
योजना के समस्त घटको पर पर्याप्त मानवश्रम नही लगाया गया है, जिसके कारण आपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है।
जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त
मानवश्रम तथा मशीनरी लगाकर नलकूप, पम्प हाउस, पाइप लेइंग, एच0एस0सी0 आदि समस्त घटको का कार्य
कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप करायें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी
अभियंता ,जल निगम ग्रामीण, महोबा को निर्देशित किया गया कि फर्म को कार्य की धीमी प्रगति के कारण फर्म को
नोटिस निर्गत करें।

**4–मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता, कॉन्ट्रेक्टर**– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि
पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 02 के अन्तर्गत कुल 05 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 02
सी0डब्लू0आर0, 03 अवर जलाशय, 16 नलकूप, 16 पम्प हाउस, 68.60 किमी0 पाइप लेइंग तथा 6121 नग नल संयोजन
किया जाना है। अवर जलाशयो के निर्माण हेतु एवं 02 सी0डब्लू0आर0 के निर्माण हेतु मृदा परीक्षण किया गया है, जिसकी
रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त एन0आई0ई0टी0 से ड्राइंग एवं डिजाइन एप्रूव करायी जायेगी। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा
अवगत कराया गया कि 06 टीमें लगाकर 68.60 किमी पाइप लाइन के सापेक्ष 25 किमी पाइप लाइन बिछाने का कार्य
किया गया है, 122 नग नल संयोजन का कार्य किया गया है व 02 नलकूपों की बोरिंग का कार्य किया गया है, जिसके
लिए 01 रिंग मशीन लगायी गयी है। सुपर विजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि सी0डब्लू0आर0, अवर
जलाशय, पम्प हाउस का कार्य अभी तक प्रारम्भ नही किया गया है तथा नल संयोजन हेतु आवश्यक 10 टीमों के सापेक्ष
मात्र 01 टीम लगायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म
के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि नलकूप बोरिंग हेतु 03 और रिंग मशीन तथा कम्प्रेशर मशीन लगाना सुनिश्चित
करें तथा पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन
एवं मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करें।

**5–मै0 अवस्थी ट्यूबेल कम्पनी**– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन
योजना में पैकेज संख्या 05 के अन्तर्गत कुल 11 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 08 अवर
जलाशय, 14 नलकूप, 14 पम्प हाउस, 87.162 किमी0 पाइप लाइन तथा 6140 नग नल संयोजन का कार्य किया जाना
है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अवर जलाशयो के निर्माण हेतु 06 स्थलों का मृदा परीक्षण किया गया है। 87.
162 किमी पाइप लाइन के सापेक्ष 64 किमी पाइप लाइन बिछाने तथा 1805 नल संयोजन का कार्य किया गया है।
अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा बताया गया कि अभी तक फर्म द्वारा नलकूपों, पम्प हाउस का कार्य प्रारम्भ
नही किया गया है तथा अवर जलाशयों पर आवश्यक 08 टीमों के सापेक्ष 06 टीमें लगायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय
द्वारा कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया कि पर्याप्त रिंग मशीन लगाकर नलकूप का कार्य
यथाशीघ्र प्रारम्भ जाय तथा पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत
ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराया जाय। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता ,जल निगम
ग्रामीण, महोबा को निर्देशित किया गया कि फर्म को कार्य की धीमी प्रगति के कारण फर्म को नोटिस निर्गत करें।

**6–मै0 जय माँ लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन** :–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि
पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 10 व 11 के अन्तर्गत कुल 18 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में
07 अवर जलाशय, 18 नलकूप, 18 पम्प हाउस, 211.49 किमी0 पाइप लाइन तथा 16850 नग नल संयोजन किया जाना
है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 07 अवर जलाशयो के निर्माण स्थल का मृदा परीक्षण किया जा चुका है,
जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त एन0आई0ई0टी0 से ड्राइंग एवं डिजाइन एप्रूव करायी जायेगी। 79.5 किमी पाइप
लाइन बिछाने व 4137 नग नल संयोजन का कार्य किया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, महोबा द्वारा
बताया गया कि योजना के समस्त घटकों पर पर्याप्त मानवश्रम का आभाव है, जिसके कारण कार्य में आपेक्षित प्रगति नहीं



Scanned with OKEN Scanner

हो रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि नलकूपों हेतु 06 रिंग मशीने लगाना सुनिश्चित करें जिससे निर्धारित समयावधि के अन्दर नलकूपों का कार्य पूर्ण किया जा सके एवं पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, महोबा समस्त पेयजल योजनाओं की एक सूची तैयार करेंगे, जिसमें किस स्त्रोत से किस CWR में तथा किस अवर जलाशय में पानी जा रहा है औरा उस अवर जलाशय से किन किन ग्रामों में पानी की आपूर्ति की जा रही है, उन ग्रामों में हर घर जल प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु क्या-क्या कार्यवाही किया जाना है और वर्तमान में क्या-क्या कार्य नही किया गया है, जो कार्य नही किया गया है कार्यदायी संस्था द्वारा कराकर हर घर जल सर्टिफिकेट ग्राम सभा की खुली बैठक कराकर तथा ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र प्राप्त करें।**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि मानवश्रम एवं आवश्यक मशीनरी लगाकर समय से प्रस्तावित कार्य निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय, जिससे जनसामान्य को असुविधा न हो तथा यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य सम्पादन में जो सड़क/सी.सी. रोड/गलियां छतिग्रस्त हो गयी हों, उनके पुर्ननिर्माण का कार्य पूर्व की स्थिति के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सम्पन्न हो गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, पी0एम0सी0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि सत्यापन करा लिया जाय कि राजस्व ग्राम के सभी परिवारों में गृह नल संयोजन दिये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कोई भी परिवार छूटा नही है तथा राजस्व ग्राम के सभी मोहल्ला/गली/वार्ड में रोड-रेस्टोरेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। कार्ययोजना के अनुसार कमिशनिंग कराया जाय, ग्रामों में पेयजल की टेस्टिंग/ट्रायल शुरू कराने के बाद इसे बन्द न किया जाय, निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। ग्राम में शत-प्रतिशत कनेक्शन तथा रोड रेस्टोरेशन कराकर 'हर घर जल' ग्राम घोषित कराया जाय। अधिशासी अभियंता/सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कराये तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(राजेश कुमार यादव)
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

<u>कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर</u>
***(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)***

पत्र संख्या–386/न0गंगे–पेय0परि0-स0बै0(2022–23)
दिनांक–17 नवम्बर ,2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ। (ई–मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक महोदय, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।(ई–मेल)
4. मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर।
5. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
6. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन व गुणवत्ता मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। (ई–मेल द्वारा)
7. अधिशासी अभियन्ता वि0/यां0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
8. टीम लीडर पी0एम0सी0(आर0वी0 एसोसिएट्स)/टीम लीडर, टी0पी0आई0(सेन्सिस टेक लि0) हमीरपुर।
9. जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
10. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मों को अनुपालनार्थ।
11. स्टेट हेड, पी0एन0सी0/जे0डब्लू0आई0एल0। (ई–मेल द्वारा)

17.XI.2023
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

Scanned with OKEN Scanner